शौर्य टाइम्स

SMS लखनऊ को 2019 एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड

October 4, 2019

लखनऊ : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया है, जिसका आयोजन वर्ल्ड एजुकेशन कांग्रेस ने किया। यह पुरस्कार ऐसे संस्थानों को मान्यता देते हैं, जो अपने पाठ्यक्रम में नवीन और आधुनिक हैं और अपने छात्रों की प्रतिभा का पोषण करने में विश्वास रखते हैं। गांधी जयंती पर आयोजित एक समारोह में कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने एसएमएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह और महानिदेशक (तकनीकी) प्रो.(डॉ) बीआर सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को नेतृत्व, विकास संस्थान और उद्योग इंटरफेस के मामले में सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है। इसके साथ ही संस्थान के दो शिक्षकों डॉ हेमंत सिंह एवं डॉ प्रशांत गंगवार को देवांग मेहता नेशनल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीईओ शरद सिंह ने बताया कि यह वास्तव में हमारी संस्थान के लिए बड़े ही सम्मान की बात है, हम अपने निदेशक प्रो (डॉ) मनोज कुमार मेहरोत्रा, अध्यापकों और स्टाफ के सदस्यों तथा सभी छात्रों को धन्यवाद देते हैं, जिनके संयुक्त प्रयास से हमें यह प्रतिष्ठित पहचान मिली।